नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग – 2023

महोदय/महोदया,

आचार्य चयन परीक्षा 2023 के लिखित परीक्षा एवं अंतर्वीक्षा के आधार पर आपका चयन नवीन आचार्य प्रशिक्षण हेतु किया गया है| दिनांक 25/05/2023(बृहस्पतिवार) से 13/06/2023(मंगलवार) तक आयोजित नवीन आचार्य प्रशिक्षण वर्ग में भाग लेना अनिवार्य है, दिनांक 25 मई के दोपहर भोजन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पहुँच जाएँ| उसके पश्चात् प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी| अवकाश 13/06/2023 के पूर्वाहन में होगा| प्रशिक्षण से सम्बंधित अन्य सूचनाएँ निम्नलिखित हैं :--

1. **प्रशिक्षण स्थल : शिवालय आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय, विष्णुपुर बघनगरी, मुजफ्फरपुर में अवस्थित है|(बघनगरी जाने हेतु रेल अथवा बस मार्ग से जाया जा सकता है, मुजफ्फरपुर--समस्तीपुर सड़क मार्ग में बघनगरी गाँव है| रेल मार्ग से सीहो अथवा ढ़ोली स्टेशन उतरकर ऑटो अथवा रिक्शा से जाया जा सकता है| जो स्टेशन से 3 किलोमीटर की दूरी पर है|**
2. **प्रशिक्षण शुल्क :** 4000/- (चार हजार रूपये मात्र)
3. **वेश-पुरुष आचार्य:** सफ़ेद पायजामा (कम मोहरी वाला), ब्लू आसमानी एवं सफ़ेद कुर्ता, काला जूता
   शारीरिक वेश – काले रंग का लोअर, केसरिया रंग का टी-शर्ट कॉलर वाला, सफ़ेद जूता एवं सफ़ेद मोज़ा, **(प्रशिक्षण स्थल से आप शारीरिक वेश रूपये 500/- की राशि भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं|)**
   वेश-महिला आचार्या: लाल बार्डर वाली सफ़ेद साड़ी, लाल ब्लाउज (कॉलर वाला पूरी बाँह की)
   शारीरिक वेश – सफ़ेद सलवार, सफ़ेद समीज (कालर वाला पूरी बाँह की) एवं लाल दुपट्टा, सफ़ेद जूता एवं सफ़ेद मोज़ा,
4. **अन्य सामग्री :** मौसम के अनुकूल ओढ़ने बिछाने की सामग्री, मच्छरदानी, टॉर्च, थाली, कटोरी, ग्लास, दो रुलदार कॉपी, चार लाइन वाली अंग्रेजी कॉपी, लेखनी,
5. यह आवासीय प्रशिक्षण है, प्रशिक्षण काल में किसी भी प्रकार का अवकाश नहीं मिलेगा अर्थात् प्रशिक्षण स्थल से बाहर जाने की अनुमति नहीं मिलेगी|
6. महिलाओं के लिए अलग से आवास की व्यवस्था रहेगी, परन्तु किसी स्थिति में बच्चों को लाने की छूट नहीं है| प्रशिक्षणार्थी के साथ अन्य किसी के रहने की व्यवस्था नहीं है|
7. गंभीर रोग से ग्रसित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण में भाग लेने की अनुमति नहीं है|
8. अपनी आवश्यकता की वस्तुएं तथा दवाई आदि (अगर लेते हैं तो) अपने साथ लेकर आएँ|
9. प्रशिक्षण में यह पत्र लेकर आना अनिवार्य है|
10. प्रशिक्षण पश्चात् आपको अपेक्षित विद्यालय के लिए पत्र दिया जायेगा|
11. प्रशिक्षण वर्ग का जीवन सादा, परिश्रमपूर्ण एवं कठोर दिनचर्या पर आधारित है, अतः विशेष सुविधा की अपेक्षा नहीं रखनी होगी | बीमार चिड़चिडे स्वभाव वाले प्रशिक्षण वर्ग में न आवें| आपके कारण प्रशिक्षण वर्ग में व्यवधान होने पर अथवा दिनचर्या का अनुपालन सम्यक रूपेण नहीं करने पर किसी भी समय वापस किया जा सकता है| **संपर्क सूत्र : श्री ललित जी -7209828908,**

विचारोंपरांत आपसे प्रशिक्षण में आने का आग्रह है|

भवदीय

(मुकेश नन्दन)
प्रदेश सचिव